आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 05.12.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- चंपावत जिले में घाट बागधारा के पास बारातियों का वाहन खाई में गिरा। पांच लोगों की मृत्यु।
- हल्द्वानी बेस अस्पताल में नौ बेड के आईसीयू का संचालन शुरू।
- प्रदेश में उत्पादित फसलों के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जल्द ही इंटीग्रेटेड पैक हाउस का निर्माण किया जाएगा।
- अल्मोड़ा में माध्यमिक विद्यालयों के भूगोल प्रवक्ताओं के लिए पांच दिवसीय ''भौगोलिक सूचना तंत्र के तकनीकी ज्ञान'' पर जागरूकता कार्यशाला आयोजन।

सड़क हादसा

चंपावत जिले में टनकपुर–पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर घाट बागधारा के पास आज तड़के बारातियों के एक वाहन के गहरी खाई में गिर जाने से पांच लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। अपर जिलाधिकारी कृष्ण नाथ गोश्वामी ने बताया कि पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय लोगों ने बचाव अभियान चलाकर शवों और घायलों को खाई से बाहर निकाला। घायलों को उप जिला चिकित्सालय लोहाघाट भर्ती कराया गया। वहीं मृतकों का पोस्टमार्टम कर शवों को राजस्व टीमों की मदद से उनके घरों को भेजा गया है। मृतक के परिजनों को 2–2 लाख रुपए की सहायता दी गई है। उन्होंने बताया कि घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए गए हैं।

आईसीयू शुभारंभ

नैनीताल जिले के हल्द्वानी बेस अस्पताल में आज से आईसीयू का संचालन शुरू हो गया है। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने इसका शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आईसीयू में विशेषज्ञ चिकित्सक और अनुभवी नर्सिंग स्टाफ को तैनात किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि बेस अस्पताल में नौ बेड के आईसीयू का संचालन होने से अब कुमाऊं मंडल के गंभीर मरीजों को इसका लाभ मिलेगा।

स्वास्थ्य देखरेख परिषद

प्रदेश में स्वास्थ्य शिक्षा को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप आधुनिक, पारदर्शी और रोजगारोन्मुख बनाने की दिशा में शीघ्र ही स्वास्थ्य देख–रेख परिषद का गठन किया जाएगा। सचिवालय में हुई उच्च स्तरीय बैठक में राष्ट्रीय सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देखरेख वृत्ति आयोग अधिनियम–2021 के तहत उत्तराखंड राज्य सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देखरेख परिषद के गठन की प्रक्रिया को तेज करने पर सहमति बनी। बैठक की अध्यक्षता स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने की।

बैठक में परिषद के गठन, उसकी संरचना और कार्यप्रणाली पर चर्चा की गई। परिषद के अध्यक्ष और सदस्यों के चयन के लिए चयन समिति बनाने का निर्णय लिया गया। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि परिषद बनने के बाद राज्य में पैरामेडिकल और एलाइड हेल्थ शिक्षा में एकरूपता आएगी और लाइसेंसिंग व पंजीकरण प्रक्रिया अधिक सरल और पारदर्शी हो जाएगी। राष्ट्रीय अधिनियम लागू होने के बाद 10 श्रेणियों में 56 स्वास्थ्य सेवाओं को मान्यता मिलेगी।

जिलाधिकारी निरीक्षण

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने चिन्यालीसौड़ तहसील के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कक्षों, अभिलेखागार, मीटिंग हॉल का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने तहसील के अंतर्गत कानूनगो और पटवारियों की वर्तमान स्थिति भी जानी और सभी को बी.एन.एस.एस के प्रशिक्षण दिए जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नया तहसील भवन न केवल प्रशासनिक कार्यकुशलता में वृद्धि करेगा, बल्कि यह क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र भी बनेगा। इसके अलावा जिलाधिकारी ने धरासू थाना का निरीक्षण भी किया। उन्होंने थाना प्रांगण, अभिलेखों, मालखाना, थाना डायरी और शस्त्रागार सहित विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया। उन्होंने थाने में आने वाले आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान, समयबद्ध कार्रवाई और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राजस्व ग्रामों के दस्तावेज संबंधित अभिलेख पुलिस कार्यालयों में देने के लिए उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने जनता से किसी भी समस्या या शिकायत के लिए निःसंकोच संबंधित थाने या जिला प्रशासन से संपर्क करने की अपील भी की।

इंटीग्रेटेड पैक हाउस

प्रदेश में उत्पादित फसलों के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जल्द ही इंटीग्रेटेड पैक हाउस का निर्माण किया जाएगा। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने इस परियोजना से संबंधित सभी कागजी कार्यवाही को समयबद्ध रूप से पूरा कर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं। देहरादून में कृषि एवं उद्यान विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक में श्री जोशी ने कहा कि इंटीग्रेटेड पैक हाऊस बनने से किसानों की फसलों की गुणवत्ता और बाजार में उनकी प्रतिस्पर्धा में बड़ा सुधार होगा। उन्होंने कहा कि यह इंटीग्रेटेड पैक हाउस, प्रदेश के कृषि उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप तैयार करेगा, जिससे राज्य में उत्पादित फल–सब्जियों के निर्यात के लिए नए रास्ते खुलेंगे और निर्यात बढ़ने से किसानों की आमदनी में सीधा इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि पैक हाऊस बनने से फसल के खराब होने की संभावना काफी कम हो जाएगी। इसके माध्यम से फसल की वैज्ञानिक ग्रेडिंग, सॉर्टिंग, वाशिंग और पैकिंग की आधुनिक सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा। बैठक में कृषि मंत्री ने मिलेट के उत्पादन बढ़ाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने चौबटिया स्थित अनुसंधान केंद्र को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे कृषि क्षेत्र में शोध और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

## कार्यशाला

जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान अल्मोड़ा की ओर से जिले के माध्यमिक विद्यालयों के भूगोल प्रवक्ताओं के लिए पांच दिवसीय ''भौगोलिक सूचना तंत्र के तकनीकी ज्ञान'' विषय पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई है। संस्थान के प्राचार्य ललित मोहन पांडे ने बताया कि कार्यशाला में जिले के 40 शासकीय विद्यालयों के भूगोल प्रवक्ता भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में विद्यार्थियों को जीआईएस मैपिंग के बारे में जानकारी दी जा रही है।

कार्यशाला समन्वयक रमेश सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की ओर से इंटरमीडिएट की कक्षाओं में जीआईएस और रिमोट सेंसिंग विषय लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को भौगोलिक सूचना तंत्र के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से प्रवक्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई है।

## मॉक ड्रिल

नैनीताल जिले के कैंची धाम मंदिर में संभावित आतंकी हमले की आशंका को देखते हुए नैनीताल पुलिस ने सुरक्षा अभ्यास किया। इस मॉक ड्रिल में आतंकी विस्फोट की स्थिति पर त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया, राहत और बचाव कार्यों की तैयारियों को परखा गया। परिकल्पना के अनुसार मंदिर परिसर में तीन विस्फोटों की सूचना मिलते ही नैनीताल के पुलिस अधीक्षक डॉ. जगदीश चंद्रा ने हाई अलर्ट जारी कर सभी इकाइयों को सक्रिय किया। इसके बाद मंदिर परिसर को तत्काल सील कर सशस्त्र बलों ने घेराबंदी कर कार्रवाई की गई। अभ्यास में पीएसी, एसडीआरएफ, बीडीएस, डॉग स्क्वाड, फोरेंसिक यूनिट, मेडिकल टीम, संचार इकाई, ड्रोन टीम, मंदिर प्रशासन और स्थानीय प्रशासन सहित विभिन्न एजेंसियों ने सहभागिता की। पुलिस के अनुसार इस अभ्यास का उद्देश्य किसी भी आपात स्थिति में त्वरित, समन्वित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है।